भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2430

उत्तर देने की तारीख 3 अगस्त, 2026

सोमवार, 2026/12 श्रावण, 1948 (शक)

कर्नाटक में आईटीआई अवसंरचना

2430. श्री पी.सी. मोहनः

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कर्नाटक में 2014 से स्थापित किए गए और उन्नयन किए गए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की संख्या कितनी है, और सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) योजना के अंतर्गत उन्नयन किए गए 15 आईटीआई और उद्योग कार्यक्रम के अंतर्गत किए गए 22 आईटीआई कौन-से हैं;

(ख) पूरे राज्य में 150 सरकारी आईटीआई को आधुनिक बनाने के लिए कर्नाटक राज्य सरकार के साथ टाटा टेक्नोलॉजीज की साझेदारी की स्थिति क्या है और अब तक उपयोग/निवेश की गई निधि कितनी है;

(ग) कर्नाटक के कौशल विकास और उद्यमशीलता के क्षेत्रीय निदेशालय के अंतर्गत बेंगलुरु में चल रहे राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान और अन्य केंद्रीय फील्ड संस्थानों की संख्या कितनी है; और

(घ) उभरती हुई उद्योग संबंधी आवश्यकताओं के अनुरूप कर्नाटक के आईटीआई में शुरू किए गए पाठ्यक्रम सुधार और भविष्य के लिए तैयार व्यावसायिक पाठ्यक्रम, कंप्यूटर संख्यात्मक नियंत्रण (सीएनसी), इलेक्ट्रिक वाहन (इवी) और ग्रीन ऊर्जा तकनीशियन पाठ्यक्रम क्या हैं?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वावधान में प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) द्वारा शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) का संचालन किया जाता है जो मुख्यतः औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के माध्यम से क्रियान्वित किया जाता है। सभी आईटीआई संबंधित राज्य सरकारों के प्रशासनिक एवं वित्तीय नियंत्रणाधीन होते हैं। तथापि, प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) द्वारा कर्नाटक राज्य सहित अन्य राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा इंगित आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न योजनाओं, जैसे मौजूदा राजकीय आईटीआई का मॉडल आईटीआई के रूप में उन्नयन योजना, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से 1,396 राजकीय आईटीआई का उन्नयन तथा औद्योगिक मूल्य संवर्धन हेतु कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव) योजना के माध्यम से आईटीआई के उन्नयन को सहायता प्रदान की गई है।

कर्नाटक राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्ष 2014 से अब तक राज्य में 141 नए आईटीआई स्थापित किए गए हैं, जिनमें 112 राजकीय आईटीआई तथा 29 निजी आईटीआई शामिल हैं।

केंद्रीय प्रायोजित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कर्नाटक राज्य में उन्नत किए गए आईटीआई का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ख) कर्नाटक सरकार की उद्योग परियोजना के अंतर्गत कर्नाटक सरकार तथा टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के बीच एक सहमति ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके परिणामस्वरूप टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के सहयोग से 150 राजकीय आईटीआई का उन्नयन किया गया।

इस परियोजना की कुल लागत ₹4,636.50 करोड़ है, जिसमें 88 प्रतिशत व्यय टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड द्वारा तथा शेष 12 प्रतिशत कर्नाटक सरकार द्वारा वहन किया गया है। इसके अलावा, कार्यशालाओं तथा प्रौद्योगिकी प्रयोगशालाओं सहित नागरिक अवसंरचना के सृजन के लिए कर्नाटक सरकार द्वारा ₹220 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

(ग) वर्तमान में, बेंगलुरु में दो (02) केंद्रीय क्षेत्रीय संस्थान (सीएफआई) नामतः (i) राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई), बेंगलुरु; तथा (ii) राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला), बेंगलुरु कार्यरत हैं।

(घ) प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) द्वारा शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) के अंतर्गत राष्ट्रीय कौशल अर्हता कार्यढांचा (एनएसक्यूएफ) के अनुरूप 170 पाठ्यक्रम, जिनमें 32 नव युगीन/भावी कौशल ट्रेड भी शामिल हैं, तैयार किए गए हैं। इनका उद्देश्य कृत्रिम मेधा (एआई), मेकाट्रॉनिक्स, कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (सीएनसी), इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), हरित ऊर्जा तथा अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों से संबंधित अत्याधुनिक रोजगार के लिए आवश्यक

कौशल उपलब्ध कराना है। इन पाठ्यक्रमों का संचालन देशभर में आईटीआई एवं राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) के नेटवर्क के माध्यम से छह माह, एक वर्ष तथा दो वर्ष की अवधि में किया जाता है। इन 32 नव युगीन ट्रेडों की सूची **अनुलग्नक-II** में दी गई है।

औद्योगिक क्षेत्र में आधुनिक अर्थव्यवस्था तथा नवीनतम प्रौद्योगिकियों की मांग को ध्यान में रखते हुए उद्योगों, शिक्षाविदों तथा राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के परामर्श से नए पाठ्यक्रम निरंतर विकसित किए जाते हैं तथा मौजूदा पाठ्यक्रमों का भी समय-समय पर उन्नयन किया जाता है। उभरती प्रौद्योगिकियों की आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यचर्याओं में नवीन प्रौद्योगिकी, आधुनिक उपकरण, उपस्कर एवं मशीनों को शामिल करते हुए उनका अद्यतन किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, कर्नाटक सरकार द्वारा उद्योग परियोजना के अंतर्गत टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के सहयोग से 23 अल्पकालिक पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों की सूची **अनुलग्नक-III** में दी गई है।

अनुलग्नक-I

"कर्नाटक में आईटीआई अवसंरचना" के संबंध में श्री पी.सी. मोहन द्वारा दिनांक 03.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2430 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।

विभिन्न केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत उन्नत किए गए मौजूदा आईटीआई का विवरण निम्नानुसार है :

(i) औद्योगिक मूल्य संवर्धन हेतु कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव) योजना तथा मौजूदा राजकीय आईटीआई का मॉडल आईटीआई के रूप में उन्नयन योजना के अंतर्गत उन्नत किए गए आईटीआई का विवरण निम्नानुसार है :

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**उन्नत आईटीआई की संख्या**
i.	स्ट्राइव	राजकीय आईटीआई - 21 अनुदान-सहायता प्राप्त आईटीआई - 01 कुल आईटीआई- 22 आईटीआई
Ii	मौजूदा राजकीय आईटीआई का मॉडल आईटीआई के रूप में उन्नयन	राजकीय आईटीआई - 02

(ii) केंद्र प्रायोजित "सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से 1,396 राजकीय आईटीआई का उन्नयन" योजना के अंतर्गत कर्नाटक राज्य के 76 राजकीय आईटीआई का उन्नयन किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :

क्र.सं.	**वर्ष**	**राजकीय आईटीआई की संख्या**
i	2007-08	26
ii	2008-09	26
iii	2009-10	23
iv	2010-11	01
	कुल	**76**

इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक आईटीआई की संस्थान प्रबंधन समिति (आईएमसी) को आईटीआई के उन्नयन हेतु सीधे अधिकतम ₹2.50 करोड़ तक का ब्याज-मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया।

अनुलग्नक-II

"कर्नाटक में आईटीआई अवसंरचना" के संबंध में श्री पी.सी. मोहन द्वारा दिनांक 03.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2430 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।

आईटीआई में संचालित 32 नव युगीन ट्रेडों की सूची:

क्र.सं.	**ट्रेड का नाम**
1	एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग (3D प्रिंटिंग) टेक्नीशियन
2	एरोनॉटिकल स्ट्रक्चर और इक्विपमेंट फिटर
3	आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोग्रामिंग असिस्टेंट
4	एडवांस्ड सीएनसी मशीनिंग टेक्नीशियन
5	कंप्यूटर एडेड मैन्युफैक्चरिंग (सीएएम) प्रोग्रामर
6	साइबर सिक्योरिटी असिस्टेंट
7	डेटा एनोटेशन असिस्टेंट
8	ड्रोन पायलट (जूनियर)
9	ड्रोन टेक्नीशियन
10	इंजीनियरिंग डिज़ाइन टेक्नीशियन (एडवांस्ड टूल का इस्तेमाल करने वाला कारीगर)
11	फाइबर टू होम टेक्नीशियन
12	जियो-इन्फॉर्मेटिक्स असिस्टेंट
13	ग्रीन हाइड्रोजन प्रोडक्शन टेक्नीशियन
14	इंडस्ट्रियल इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स (IIoT) टेक्नीशियन
15	इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स और डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग
16	इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
17	इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स टेक्नीशियन (स्मार्ट एग्रीकल्चर)
18	इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स टेक्नीशियन (स्मार्ट सिटी)
19	इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स टेक्नीशियन (स्मार्ट हेल्थकेयर)
20	मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस कंट्रोल और ऑटोमेशन
21	मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल
22	मल्टीमीडिया, एनिमेशन और स्पेशल इफेक्ट्स
23	सेमीकंडक्टर टेक्नीशियन
24	स्मॉल हाइड्रो पावर प्लांट टेक्नीशियन
25	स्मार्टफोन टेक्नीशियन कम ऐप टेस्टर
26	सॉफ्टवेयर टेस्टिंग असिस्टेंट
27	सोलर टेक्नीशियन (इलेक्ट्रिकल)
28	टेक्नीशियन मेकाट्रोनिक्स
29	वर्चुअल एनालिसिस और डिज़ाइनर - एफ़ईएम (फाइनाइट एलिमेंट मेथड) (बेसिक डिज़ाइनर और वर्चुअल वेरिफायर)
30	विंड प्लांट टेक्नीशियन
31	5G नेटवर्क टेक्नीशियन
32	न्यूक्लियर पावर प्लांट टेक्नीशियन

अनुलग्नक-III

"कर्नाटक में आईटीआई अवसंरचना" के संबंध में श्री पी.सी. मोहन द्वारा दिनांक 03.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2430 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।

कर्नाटक सरकार द्वारा उद्योग परियोजना के अंतर्गत शुरू किए गए 23 अल्पकालिक पाठ्यक्रमों की सूची:

क्र.सं.	**ट्रेड का नाम**
1	असिस्टेंट (इनोवेशन और डिज़ाइन थिंकिंग)
2	प्रोडक्ट असिस्टेंट (3D मॉडलिंग)
3	प्रोडक्ट एसोसिएट (3D मॉडलिंग)
4	टेक्नीशियन (ऑटो इलेक्ट्रिकल डिज़ाइन)
5	प्रोडक्ट वेरिफायर और एनालिस्ट
6	जूनियर टेक्नीशियन (ऑटोमोबाइल टियरडाउन और बेंचमार्किंग)
7	जूनियर टेक्नीशियन (एडवांस्ड ऑटोमोबाइल)
8	जूनियर टेक्नीशियन (ऑटोमोबाइल रिपेयर और मेंटेनेंस)
9	जूनियर टेक्नीशियन (ऑटो इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस)
10	जूनियर टेक्नीशियन (इलेक्ट्रिक व्हीकल)
11	जूनियर टेक्नीशियन (इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स)
12	असिस्टेंट सीएएम प्रोग्रामर (सीएनसी लेथ)
13	असिस्टेंट सीएएम प्रोग्रामर (सीएनसी मिलिंग और टर्न मिल)
14	ऑपरेटर (सीएनसी मिलिंग मशीन)
15	ऑपरेटर (सीएनसी टर्निंग मशीन)
16	प्रोग्रामिंग और ऑपरेटिंग एसोसिएट (एडवांस्ड सीएनसी मशीनें)
17	जूनियर प्रोसेस टेक्नीशियन (एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग)
18	जूनियर वेल्डिंग टेक्नीशियन (सिमुलेशन तकनीकें)
19	जूनियर पेंटिंग टेक्नीशियन (सिमुलेशन तकनीकें)
20	टेक्नीशियन (प्रोसेस कंट्रोल और ऑटोमेशन)
21	जूनियर रोबोट ऑपरेटर और प्रोग्रामर - मटीरियल हैंडलिंग
22	जूनियर रोबोट ऑपरेटर और प्रोग्रामर - आर्क वेल्डिंग
23	टेक्नीशियन (प्लंबिंग)

*****